Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 17-05-2006

Participants : Rana Shri Kashi Ram

an>

Title : Need to make available L.P.G. connection on demand.

श्री काशीराम राणा (सूरत) : महोदय, पूर्व में एल.पी.जी कनैक्शन तुरंत मांगने पर उपलब्ध हो जाता था और एल.पी.जी की आपूर्ति भी लोगों को आसानी से मिल जाती थी, परन्तु अब एलपीजी के लिए आवेदन पत्र भी नहीं लिये जा रहे हैं। वर्तमान समय में इसे बंद किया हुआ है और आपूर्ति के लिए निवेदन करने के बाद भी उपभोक्ताओं का 15-20 दिनों तक गैस की आपूर्ति नहीं मिल पा रही है, जिससे कालाबाजारी बढ़ रही है। पूर्व में पेट्रोलियम एवं प्राक्रतिक गैस मंत्री जी ने शरदकालीन सत्र में आश्वासन दिया था कि 1 जनवरी, 2006 से मांग के आधार पर एलपीजी कनैक्शन मिलने लगेंगे और गैस की आपूर्ति में भी कोई कठिनाई नहीं होगी, परन्तु तीन माह बीत जाने के बाद स्थिति में सुधार के बजाय और खराब हो गयी है। अगर स्थिति इसी तरह से चलने के आसार है तो पूर्व की भांति सांसदों को एलपीजी कूपन व्यवस्था शुरू कर देनी चाहिए जिससे जरूरतमंद लोगों को एलपीजी कनैक्शन मिल सके।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मांग के आधार पर गैस कनैक्शन तुरंत मुहैया करवायी जाये और गैस भर वाने के लिए लोगों के निवेदन को एक दिन में पूरा किया जाये। अगर स्थिति नहीं सुधरने का आसार हो तो सांसदों को उनके कोटे के तहत कूपन व्यवस्था तुरंत शुरू की जाये।